परीक्षा किसी के चेहरे मुस्कुराये, तो कोई दिखा मायूस, 23 केंद्रों में रहा सुरक्षा का पहरा, डायवर्जन ने बढ़ाई चिंता

8693 ने दी नीट परीक्षा, 1748 रहे अनुपस्थित

नवभारत, जबलपुर। नीट (अंडर ग्रेजुएट) परीक्षा रविवार को 23 परीक्षा केन्द्रों पर हुई। री-नीट की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक हुई। परीक्षा की कुल अवधि सवा तीन घंटे की रही। कुल 10441 परीक्षार्थियों में से 8693 ने परीक्षा दी है जबकि 1748 अनुपस्थित रहे। इस बार सभी परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया। बायोमैट्रिक मशीन, सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर समेत अन्य सुरक्षा के सख्त पहरे में परीक्षा हुई। इसके साथ ही भविष्य के डॉक्टरों की किस्मत कैद हो गई है। परीक्षा समाप्त होने के बाद जैसे ही छात्र परीक्षा केंद्रों से बाहर निकले, वहां का नजारा बेहद भावुक और दिलचस्प था। महीनों की तपस्या और रातों की नींद कुर्बान करने के बाद परीक्षार्थियों के चेहरों पर मिले-जुले भाव साफ देखे जा सकते थे। कहीं खुशी की लहर, तो कहीं मायूस चेहरे दिखे। जिन छात्रों की तैयारी पुख्ता थी, वे परीक्षा केंद्र से बाहर आते ही अपनी खुशी रोक नहीं पाए। उनके चेहरों पर बड़ी सी मुस्कान थी। इसके ठीक विपरीत, कई छात्रों के चेहरे पूरी तरह मुरझाए हुए थे। अभिभावक बच्चों का चेहरा देखकर ही पेपर का हाल भांप रहे थे। ढांढस भी बंधाया गया कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती, यह आखिरी मौका नहीं है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जबलपुर प्रवास के बीच री-नीट परीक्षा हुई। प्रशासन के सामने दोहरी चुनौती खड़ी कर दी थी। एक ओर वीवीआईपी मूवमेंट को लेकर शहर में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे, वहीं दूसरी ओर हजारों परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाना भी बड़ी जिम्मेदारी थी। नवभारत की टीम द्वारा पड़ताल में देखने को मिला कि कई अभिभावकों और विद्यार्थियों को यातायात डायवर्जन एवं वन-वे व्यवस्था के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। कटनी, उमरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, मंडला और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में परीक्षार्थी अपने अभिभावकों के साथ जबलपुर पहुंचे। राष्ट्रपति के दौरे के चलते शहर के कई प्रमुख मार्गों पर यातायात डायवर्जन लागू किया गया था। बाहरी जिलों से आए कई अभिभावकों को इन मार्ग परिवर्तनों की पूरी जानकारी नहीं थी, जिसके कारण उन्हें बार-बार रास्ता पूछना पड़ा। कुछ वाहन चालकों को निर्धारित मार्ग बंद मिलने पर वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा या घूम कर आना पड़ा।

समय से पहले केंद्रों में उपस्थित दिखे अभ्यर्थी

शहर में रविवार को एक साथ दो बड़े आयोजनों के चलते दिनभर हलचल का माहौल रहा। एक ओर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन और योग दिवस कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही, वहीं दूसरी ओर री-नीट-यूजी परीक्षा के कारण विभिन्न परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह से ही अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की भीड़ देखने को मिली। यातायात व्यवस्था में बदलाव के चलते अधिकांश परीक्षार्थी निर्धारित समय से काफी पहले ही केंद्रों पर पहुंच गए। यातायात व्यवस्था को देखते हुए अधिकांश अभ्यर्थी निर्धारित समय से काफी पहले ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए थे। कई परिवार सुबह तड़के ही अपने गृह जिलों से निकल गए थे ताकि किसी भी संभावित देरी से बचा जा सके। परीक्षा शुरू होने के बाद कई अभिभावक घंटों तक केंद्रों के बाहर इंतजार करते रहे। कुछ अभिभावक पेड़ों की छांव में बैठे दिखाई दिए तो कुछ आसपास की दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर समय बिताते नजर आए। बच्चों के भविष्य से जुड़ी इस महत्वपूर्ण परीक्षा को लेकर उनके चेहरों पर चिंता और उम्मीद दोनों साफ दिखाई दे रही थीं।

ट्रैफिक जाम से जूझे

नीट-यूजी परीक्षा के दौरान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे के चलते कई मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रतिबंध लागू थे, वहीं हजारों परीक्षार्थियों के परीक्षा केंद्रों की ओर पहुंचने से कई स्थानों पर जाम की स्थिति बन गई। समय पर केंद्र पहुंचने की चिंता में अभ्यर्थी और उनके परिजन सुबह से ही परेशान नजर आए। महाकौशल कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों के बाहर बड़ी संख्या में वाहन पहुंचने से सड़कें संकरी पड़ गईं। कई अभिभावकों को वाहन दूर खड़े कर पैदल ही केंद्र तक पहुंचना पड़ा। परीक्षा शुरू होने के बाद भी केंद्रों के बाहर लोगों की भीड़ बनी रही और अभिभावक बच्चों के बाहर आने का इंतजार करते रहे।

इनका कहना है

मेरी बेटी का आज नीट का एग्जाम है और हम यही जबलपुर के रहने वाले है। डायवर्जन होने के कारण थोड़ा घूम कर आना पड़ा।

राकेश सेठ

मेरे बड़े भैया का आज नीट का एग्जाम है और हम लोग गाडरवारा से आये हुए है। डायवर्जन को लेकर थोड़ी उलझन का सामना करना पड़ा।

वैभव साहू

मैंने सिहोरा से आकर पेपर दिया कुछ ज़्यादा परेशानी नहीं हुई और मेरा पेपर भी अच्छा गया है

अवनी पटेल
छात्रा

डिंडौरी से जबलपुर पहुंचे युवक से लूट

जबलपुर। विजय नगर थाना अंतर्गत एसएस कान्वेंट स्कूल के सामने डिंडौरी से लौटकर जबलपुर पहुंचे युवक को बाइक सवार लुटेरों ने निशाना बनाते हुए झपट्टा मारकर उसका मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए।

पुलिस के मुताबिक रविवार शाम नितेश राव 27 वर्ष निवासी करमेता शंकर नगर माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बस से डिण्डौरी से जबलपुर आया था बस से उतरकर पैदल करमेता जा रहा था हाथ में मोबाइल लिया था एसएस कान्वेंट स्कूल के सामने विजयनगर पहुंचा तभी 3 अज्ञात लडके मोटर सायकिल में आये, बीच वाले लडके ने उसके हाथ से उसका मोबाईल झपट्टा मारकर हाथ से छीनकर तीनों तेजी से भाग गये। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

ग्वारीघाट साइक्लिंग ट्रैक की सड़क हुई जर्जर

बारिश में बढ़ी दुर्घटना की आशंका

लाखों की सौगात, लेकिन रखरखाव पर सवाल

नवभारत, जबलपुर। शहर के प्रमुख पर्यटन और स्वास्थ्य गतिविधियों के केंद्र ग्वारीघाट स्थित साइक्लिंग ट्रैक की सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है। बरसात शुरू होते ही सड़क पर गड्ढे और उखड़ी हुई परतें सामने आने लगी हैं, जिससे मॉर्निंग वॉक करने वालों, साइकिल चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्वारीघाट क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग साइक्लिंग और मॉर्निंग वॉक के लिए पहुंचते हैं। लेकिन टूटी सड़क और उभरे हुए हिस्सों के कारण लोगों को सुरक्षित रूप से चलना भी मुश्किल हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिस ट्रैक को स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए विकसित किया गया था, उसकी हालत अब बदहाल होती जा रही है।

बारिश में गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा

बारिश के कारण सड़क पर जमा पानी गड्ढों को ढंक देता है, जिससे साइकिल चालकों और दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। नागरिकों का कहना है कि पर्यटन और स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन नियमित रखरखाव के अभाव में सुविधाएं धीरे-धीरे बदहाल हो रही हैं। लोगों ने नगर निगम और संबंधित विभाग से जल्द सड़क की मरम्मत कर साइक्लिंग ट्रैक को सुरक्षित बनाने की मांग की है। जब ग्वारीघाट साइक्लिंग ट्रैक को शहर की पहचान और स्वास्थ्य गतिविधियों का केंद्र माना जाता है, तो आखिर इसकी टूटी सड़क की मरम्मत कर लोगों को सुरक्षित सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में जिम्मेदार विभाग कब कदम उठाएगा।

गोलीकांड : घायल के खिलाफ प्रकरण दर्ज

अवैध कट्टा से धोखे से दबे ट्रिगर से चली थी गोली

नवभारत, जबलपुर। गढ़ा थाना अंतर्गत कृपाल चौक में शनिवार को हुए गोलीकांड में पुलिस ने घायल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि अवैध घायल का था और स्वयं से धोखे से ट्रिगर दब गया और उससे गोली चलने से वे घायल हो गया था।

पुलिस के मुताबिक कृपाल चौक में सलिल दुबे के मकान में दिलीप ठाकुर किराए से रहता था। जिसका छोटा बेटा शुभम ठाकुर अपने दोस्त के साथ बिना नम्बर की सफेद रंग की एक्सिस से शनिवार को घर पहुंचा। एक्सिस की डिक्की से एक देशी कट्टा निकालकर अपने साथ लेकर घर की तरफ गया दरवाजे का ताला खोलते समय देशी कट्टा लोडेड होने से ट्रिगर दब गया और गोली चलने से शुभम ठाकुर के दाहिने हाथ की भुजा में गोली लग गई है शुभम ठाकुर ने अपने पास रखा देशी कट्टा एवं 1 कारतूस अपने घर के गेट के सामने फेंक दिया था। जिसके बाद में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गया था। पुलिस ने मौके से देशी कट्टा, कारतूस एवं बिना नम्बर की एक्सिस जप्त की। मेडिकल में उपचारार्थ भर्ती घायल शुभम ठाकुर ने पूछताछ में बताया कि वह अपने दोस्त भरत के साथ भरत की बिना नम्बर की एक्सिस से अपने घर कृपाल चौक आया और एक्सिस की डिक्की से बारह बोर देशी कट्टा निकालकर अपने घर में रखते समय स्वयं के द्वारा घर के बाहर गेट पर ताला खोलते समय लोडेड देशी कट्टा का ट्रिगर धोखे से दब जाने से गोली लगने से घायल हो गया। टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि कट्टा शुभम ठाकुर 20 वर्ष का था जिससे धोखे से ट्रिगर दब गया था और गोली चलने से वे घायल हुआ। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त कट्टा कारतूस कहॉ से प्राप्त किया और इसके पीछे का उद्देश्य क्या था समेत अन्य बिन्दुओं पर जांच जारी है।

विद्युत कर्मचारी संघ का सम्मेलन और सम्मान समारोह 23 को

नवभारत, जबलपुर। विजय नगर कॉफी हाउस की बैठक में निर्णय लिया गया कि मंगलवार 23 जून को दोपहर 3 बजे से श्रीराम भवन होटल, बलदेव बाग में मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन की क्षेत्रीय बैठक, सम्मेलन और क्षेत्रीय सचिव पं. उमाशंकर दुबे को राष्ट्रीय उपाधि मिलने पर सम्मान समारोह होगा। योगाचार्य अवनीश तिवारी की अध्यक्षता में संगठन को मजबूत करने पर सुझाव दिए गए। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी. पी. पाठक, दिनेश दुबे और अनूप वर्मा ने बताया कि इसमें संविदा, आउटसोर्स, कंपनी कैडर, नियमित कर्मचारियों और पेंशनर्स की समस्याओं व आगामी कार्रवाई पर चर्चा कर रूपरेखा बनेगी।

मां के साथ घर पहुंचा बेटा पिता फांसी पर लटके मिले

जबलपुर। मदनमहल थाना अंतर्गत गुलौआ चौक में मां के साथ बेटा जब घर पहुंचा तो पिता फांसी के फंदे पर झूलते मिले। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक अनमोल साहू 20 वर्ष निवासी गौरी दाई मंदिर के पीछे गुलौआ चौक ने सूचना दी कि उसके पिता संजय साहू 37 वर्ष घर पर अकेले थे वह एवं मम्मी बाहर गये थे शनिवार सुबह लगभग 7 बजे मॉ के साथ घर आया बिना कुण्डी के लगे घर का जैसे ही दरवाजा खोला तो देखा उसके पिता संजय साहू लायलोन की रस्सी को बल्ली में बांधकर फांसी पर लटके थे।

बैग की चैन खोलकर 20 हजार नगद और सोने-चांदी के जेवर पार

नवभारत, जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत बड़ा पत्थर से ऑटो में सफर कर रही एक महिला के बैग की चैन खोलकर अज्ञात चोर ने 20 हजार रुपये नगद और सोने-चांदी के कीमती जेवरात पार कर दिए। महिला जब अपने मायके पहुँची, तब उसे चोरी की इस वारदात का अहसास हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बड़ा पत्थर गणेशगंज स्कूल के पास रहने वाली 30 वर्षीय आरती चक्रवर्ती अपने मायके जाने के लिए बस स्टैंड जाने के वास्ते बड़ा पत्थर से एक ऑटो क्रमांक एमपी 20 केए 0954 में सवार हुई थीं। उन्होंने अपने पास रखा बैग ऑटो में पीछे की सीट की तरफ रख दिया था। जब ऑटो तीन पत्ती चौक पहुँचा और आरती वहाँ उतरीं, तो उनकी नजर बैग पर पड़ी। बैग की चैन खुली हुई थी, लेकिन बस छूटने की जल्दबाजी और भीड़भाड़ के कारण उन्होंने उस वक्त सामान चेक नहीं किया। वह तुरंत दूसरे ऑटो में बैठकर अपने मायके गंज मोहल्ला बरेला के लिए रवाना हो गईं। मायके पहुँचने के कुछ देर बाद जब आरती ने अपना बैग खोला, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। बैग के अंदर रखे नगद 20 हजार रुपये, सोने की पांचाली, चांदी की एक जोड़ी पायल और एक जोड़ी बिछिया गायब थे। सफर के दौरान ही किसी शातिर चोर ने बड़ी ही चालाकी से बैग की चैन खोलकर पूरे माल पर हाथ साफ कर दिया था। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उक्त ऑटो नंबर के आधार पर चालक से पूछताछ कर रही है, साथ ही बड़ा पत्थर से लेकर तीन पत्ती चौक के रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी के हुलिए की जांच की जा सके।

गोरखपुर में चाकूबाजी, गोटेगांव का युवक घायल

जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत छोटी लाइन फाटक के पास शराब पीने के लिए रूपए की मांग पूरी न होने पर बदमाश ने गोटेगांव के युवक पर चाकू से हमला कर उसे चोट पहुंचा दी। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर में मनीष ठाकुर 27 वर्ष निवासी चमलोर गोटेगांव जिला नरसिंहपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह गोटेगांव से मजदूरी करने के लिये छोटी लाईन फाटक गोरखपुर आया तभी वहां पर अनिल निवासी नरसिंह मंदिर के पास का मिला और शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, रूपये देने से मना करने पर गाली गलौज करते हुये चाकू से हमलाकर गाल एवं पीछे तरफकमर में चोट पहुंचते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

कार से आए चोरों ने 100 लीटर डीजल उड़ाया

नवभारत, जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत सूरतलाई स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने खड़े आईसर लोडिंग वाहन से अज्ञात बदमाशों ने रात के अंधेरे में करीब 100 लीटर डीजल उड़ा दिया। बिना नंबर की कार से आए 4 शातिर चोरों ने बकायदा मशीन लगाकर बेहद कम समय में इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत मिलने पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, ग्वालियर जिले के ग्राम रनगवां थाना बेहट का रहने वाला 24 वर्षीय गिर्राज श्रीवास आईसर लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 04 जेड के 7194 का चालक है। वह उमरिया डुंगरिया स्थित एक फैक्ट्री से नल के पाइप लोड करके जबलपुर आया था। बीती रात जब वह सूरतलाई के पास पहुंचा, तो उसे तेज नींद आने लगी। सुरक्षित स्थान समझकर उसने अपनी गाड़ी को भारत पेट्रोल पंप के सामने खड़ा किया और केबिन में ही सो गया। करीब 2 से 2:30 बजे के बीच, एक सफेद रंग की कार आकर आईसर वाहन के पास रुकी। कार से चार अज्ञात युवक नीचे उतरे। उनके पास डीजल चोरी करने का आधुनिक सेटअप था। बदमाशों ने आईसर के डीजल टैंक में एक विशेष मशीन फिट की और पलक झपकते ही डिब्बों में करीब 100 लीटर डीजल भरकर रफूचक्कर हो गए।

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

सुबह जब चालक गिर्राज की नींद खुली, तो उसे ईंधन कम होने का अहसास हुआ। उसने तुरंत भारत पेट्रोल पंप प्रबंधन से संपर्क कर वहां लगे सीसीटी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में चारों आरोपी साफ तौर पर गाड़ी से डीजल चोरी करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, बदमाशों ने पुलिस से बचने के लिए अपनी सफेद कार पर नंबर प्लेट नहीं लगाई थी।

रांझी में हत्या करने के इरादे से युवक को मारा चाकू

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत सरकारी स्कूल के पास बीती रात बदमाशों ने हत्या करने के इरादे से युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए।

पुलिस के मुताबिक छिंगा रैकवार 50 वर्ष निवासी सरकारी स्कूल के पास रिछाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 11-10 बजे सरकारी स्कूल के पास बादल कोल, बच्चू कोल, विक्की कोल ने पुरानी रंजिश के चलते उसके बेटे मोहित रैकवार की हत्या करने इरादे से चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में मोहित को सिर में पीछे तरफ गर्दन के वायें तरफचोट आई हैं। उसके बेटे मोहित रैकवार को बादल कोल, बच्चू कोल, विक्की कोल ने पुरानी बुराई बुराई की बात को लेकर गाली गलौज करते हुये हत्या करने की नियत से चाकू मारकर चोटें पहुँचा दीं। उसने बेटे को शासकीय अस्पताल रांझी में उपचार हेतु भर्ती कराया है।

मेंढ़क को लील रहा था तीन फीट लंबा सांप

जबलपुर। गढ़ा थानांतर्गत सिद्ध नगर में एक घर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब द्वार पर तीन फीट लंबा सांप मेढ़क को लील रहा था। जानकारी के मुताबिक सिद्ध नगर निवासी शंकर लाल रजक के घर के व्दार पर रात साढ़े आठ बजे एक तीन फीट लंबा सांप मेंढ़क का शिकार कर धीरे-धीरे लील रहा था। तभी परिजनों की नजर सांप पर पड़ गई इसकी सूचना सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को दी गई जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर देवताल तालाब में छोड़ दिया। पकड़ा गया सांप जहरीला नहीं होता है।

कंटेनर ने कार को पीछे से मारी टक्कर, चार घायल

मैहर दर्शन करने जा रहा था परिवार, हादसे का हुआ शिकार

जबलपुर। गोसलपुर थाना अंतर्गत रूमी पेट्रोल पम्प के पास कंटेनर ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। सड़क हादसा उस वक्त हुआ जब रविवार को परिवार मैहर दर्शन करने जा रहा था।

पुलिस के मुताबिक अनुपम चौबे 34 वर्ष निवासी बजरंगनगर करमेता थाना माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह लगभग 9-30 बजे अपनी कार क्रमांक एमपी 20 जेड डब्ल्यु 0432 में अपनी मॉ ममता चौबे, भाई कपिल चौबे, भाभी मनीषा चौबे, पत्नी प्राची चौबे, भतीजी पूर्वी चौबे, भतीजा सात्विक चौबे, बेटा हसवित चौबे को लेकर जबलपुर से मैहर दर्शन करने जा रहा था रूमी पेट्रोल पम्प के पास पहुँचा उसकी कार के आगे एक कार चल रही थी जिसने स्पीड ब्रेकर होने के कारण ब्रेक लगाया तो उसने भी अपनी कार में ब्रेक लगाया उसी समय पीछे से आ रहा कन्टेनर क्रमांक एम.एच. 46 बी बी 2403 का चालक कन्टेनर को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी कार में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे उसकी कार दोनों तरफसे क्षतिग्रस्त हो गयी तथा कार में बैठी मॉ ममता चौबे, भतीजी पूर्वी चौबे, पत्नी प्राची चौबे, बेटे हसवित को को सिर चेहरे एवं शरीर में चोटें आयीं।

बाइकों में भिड़ंत, दो घायल

मदनमहल थाने मेंभीकम मलाह निवासी शिव पार्वती मंदिर के पास गुप्तेश्वर गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लिंक रोड के पास मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनके 6839 के चालक न ओवरटेक करते हुये उसके भाई विनोद की मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे विनोद एवं छोटेलाल गिर गए और दोनों को चोटें आ गई।

विद्युत विभाग के खिलाफ कांग्रेस का जनआंदोलन आज

विधायक के नेतृत्व में होगा जंगी प्रदर्शन

नवभारत,जबलपुर। पूर्व विधानसभा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती, जर्जर विद्युत व्यवस्था एवं उपभोक्ताओं के शोषण के विरोध में विशाल जनआंदोलन एवं घेराव कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार हो चुकी है। जानकारी के अनुसार विधायक लखन घनघोरिया के नेतृत्व में 22 जून दोपहर 1 बजे पीली कोठी में विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी। इसके बाद बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों एवं उपभोक्ताओं के साथ विद्युत मंडल अधीक्षण अभियंता कार्यालय (इनकम टैक्स क्षेत्र) का घेराव कर अधीक्षण यंत्री एवं संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। विधायक ने क्षेत्र की समस्त जनता, व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जनहित के आंदोलन को सफल बनाएं और क्षेत्र की विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए अपनी लोकतांत्रिक आवाज बुलंद करने उपस्थित हों।

शिकायतों के बाद भी असर नहीं

कांग्रेसियों का कहना है कि विगत कई वर्षों से क्षेत्र की जनता विद्युत विभाग की उदासीनता एवं अव्यवस्थित कार्यप्रणाली का दुष्परिणाम भुगत रही है। क्षेत्र में अनेक स्थानों पर दशकों पुराने जर्जर विद्युत पोल, क्षमता से अधिक भार वहन कर रहे ट्रांसफार्मर तथा तेल रिसाव वाले खराब ट्रांसफार्मर आज भी संचालित किए जा रहे हैं, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इसके अतिरिक्त, हल्की हवा, बारिश अथवा सामान्य मौसम परिवर्तन होते ही विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है तथा कई-कई घंटों तक अघोषित बिजली बंद रहती है। उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद भी विद्युत विभाग में कर्मचारियों की कमी के कारण 24 से 48 घंटे तक समस्या का निराकरण नहीं हो पाता, जिससे आमजन, व्यापारी, विद्यार्थी, महिलाएँ एवं वरिष्ठ नागरिक अत्यधिक परेशान होते हैं। विधायक ने आरोप लगाया है कि विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र की जनता के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है।

ये हैं प्रमुख मांगें

मुख्य मांगों में क्षेत्र की अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद करना, जर्जर विद्युत पोल एवं तारों को बदलना, ओवरलोड एवं खराब ट्रांसफार्मरों का तत्काल प्रतिस्थापन करना, विद्युत कर्मचारियों के रिक्त पद शीघ्र भरना, उपभोक्ताओं के बढ़े हुए एवं विवादित बिजली बिलों की जांच करना, क्षेत्र में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना शामिल है।

परेशानी जाम से हलाकान हो रहे लोग

नागरथ चौक पर बंद ट्रैफिक सिग्नल बना रोज की परेशानी

नवभारत,जबलपुर। शहर के व्यस्ततम चौराहों में शामिल नागरथ चौक पर ट्रैफिक सिग्नल के बंद रहने से प्रतिदिन भीषण जाम की स्थिति बन रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक वाहन चालकों को लंबी कतारों में फंसना पड़ता है, जिससे लोगों का समय बर्बाद होने के साथ-साथ परेशानी भी बढ़ रही है। सिग्नल बंद होने के कारण चौराहे पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। स्कूल बसें, ऑटो, दोपहिया और चारपहिया वाहन एक साथ निकलने की कोशिश करते हैं, जिससे कई बार पूरी सड़क जाम हो जाती है। कार्यालय जाने वाले कर्मचारी और आम नागरिक रोजाना इस समस्या से जूझ रहे हैं।

दुर्घटना की आशंका भी बढ़ी

स्थानीय लोगों का कहना है कि यातायात व्यवस्था के अभाव में कई बार वाहन आमने-सामने आ जाते हैं और दुर्घटना जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। व्यस्त चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल बंद रहने से पैदल राहगीरों को भी सड़क पार करने में खतरा बना रहता है। नागरिकों का कहना है कि शहर में स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम और बेहतर यातायात प्रबंधन के दावे किए जाते हैं, लेकिन नागरथ चौक जैसे महत्वपूर्ण चौराहे पर सिग्नल बंद रहने से इन दावों की हकीकत सामने आ रही है। लोगों ने यातायात पुलिस और संबंधित विभाग से तत्काल सिग्नल शुरू कर नियमित निगरानी की मांग की है। जब नागरथ चौक शहर के प्रमुख चौराहों में शामिल है, तो आखिर रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को राहत दिलाने के लिए बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल को दुरुस्त करने की दिशा में ठोस कदम कब उठाए जाएंगे।

रेलवे यार्ड के पास मिली लाश

नवभारत, जबलपुर। सिविल लाइंस अंतर्गत रेलवे कोचिंग यार्ड डिपो के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची सिविल लाइंस पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

पुलिस के मुताबिक, आरपीएफ आरक्षक शैलेंद्र दुबे (40) ने बताया कि उनकी ड्यूटी कोचिंग यार्ड डिपो में थी। गश्त के दौरान उन्होंने अपर लाइन पिट नंबर 6 के पास, कटनी एंड में अप लाइन से करीब 100 फीट दूर पानी की टंकी के सामने एक शव को देखा। इसके बाद पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। सिविल लाइंस पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के थानों में गुमशुदगी के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं ताकि अज्ञात मृतक की पहचान की जा सके।